पंजाब केसरी 25/02/2026

गवर्नमैंट कॉलेज नारायणगढ़ में हुआ फुल स्टैक वैब डिवैल्पमैंट पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम

नारायणगढ़, 24 फरवरी (पंकेस): अम्बाला छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज नारायणगढ़ में फुल स्टैक वैब डिवैल्पमैंट विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को फ्रंट-एंड एवं बैक-एंड तकनीकों, आधुनिक वैब फ्रेमवर्क, डाटाबेस प्रबंधन तथा इंडस्ट्री में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। अपने संदेश में जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में फुल स्टैक वैब डिवैल्पमैंट जैसी तकनीकी दक्षता विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

वहीं, गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज नारायणगढ़ के प्राचार्य रोहित कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक एवं कौशल आधारित व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में स्वर्णजीत द्वारा सभी व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन किया गया।

गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज नारायणगढ़ में फुल स्टैक वैब डिवैल्पमैंट विषय पर आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम में भाग लेते विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी।